# Greenlawns School - Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन - 2017 - 2018

कक्षा :- पाँचवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी

दिनांक :- 28.09.2017 | समय :- 2 घण्टे

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
2. शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

---

विभाग - अ

भाषा - विभाग

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. मेरा प्रिय फूल

ii. गणेशोत्सव

iii. यदि बरसात न होती ............

प्रश्न 2) नीचे दिए गए मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

एक खरगोश ..... अपनी तेज़ गति पर घमंड ..... कछुए की धीमी चाल पर हँसना ..... दोनों में दौड़ की शर्त ..... खरगोश का तेज़ दौड़ना ..... कछुआ बहुत पीछे ..... कछुए को पीछे देखकर खरगोश का सो जाना ...... कछुए का आगे निकल जाना ..... दौड़ में कछुए की जीत ..... सीख ।

प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (8)

वीरों की भूमि राजस्थान की संस्कृति और कला के नमूने वहाँ के नगर हैं । राजस्थान की राजधानी जयपुर एक प्राचीन नगर है । वह नगर भारत की प्राचीन अरावली पर्वत श्रृंखला से लगभग घिरा हुआ है । इससे इसके सौंदर्य में चार चाँद लग गया है । इस नगर के किसी भी चौराहे पर खड़े हो जाए आपको चारों दिशाएँ आर - पार दिखेंगी । दूसरी बात यह है

---

इस प्रश्न पत्र के पृष्ठों की संख्या 6 है ।

कि हर चौराहा कला की दृष्टि से युक्त है। जयपुर के संग्रहालय में मध्ययुग के अस्त्र - शस्त्र का भंडार है। यहाँ प्राचीन पोशाकें तथा पुरानी पुस्तकों की हस्तलिखित प्रतियाँ है । यह शानदार इमारतों का नगर है। यहाँ हवा महल, जंतर मन्तर, गोविंद जी का मंदिर, जैन मंदिर, सचिवालय आदि कितने ही देखने योग्य स्थल है। जयपुर को गुलाबी नगर भी कहा जाता है। अजमेर नगर सांप्रदायिक एकता का नगर है। यहाँ हजरत मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह है साथ की पुष्कर का पवित्र सरोवर है। जिसके निकट ब्रह्मा जी का मंदिर है। जोधपुर अपनी आकर्षक छतरियों के लिए मशहूर है तो उदयपुर सुंदर झीलों के लिए। यहाँ की एक झील है, जयसमंद, यह 50 किलोमीटर में फैली, छोटे समुद्र का दृश्य उपस्थित करती है। सब मिलाकर कहा जा सकता है कि राजस्थान के नगर मध्यकाल के इतिहास, वास्तुकला तथा ललित कलाओं को आपस में समेटे हुए है।

प्रश्न :-

i. राजस्थान की प्रसिद्ध झील का नाम लिखिए और वह कहाँ स्थित है और किस तरह से दिखाई देती है? (2)

ii. संग्रहालय में देखने योग्य क्या है? (2)

iii. राजस्थान किसकी भूमि हैं? इसकी राजधानी क्या है? यह किससे घिरा हुआ है? (2)

iv. इस नगर के चौराहों की विशेषताएँ लिखिए। (1½)

v. ब्रह्मा जी का मंदिर कहाँ है? (½)

## व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (2)

1. इंद्र 2. गणेश

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:- (1)

1. जाड़ा 2. अदोष

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (1)

1. किसी की हँसी उड़ाना -
2. बड़ा भाई -

iv. दिए गए ' उपसर्ग ' से २ नए शब्द लिखिए :- ' आ ' (1)

v. दिए गए ' प्रत्यय ' से २ नए शब्द लिखिए :- ' इक ' (1)

vi. लोकोक्ति का सिर्फ अर्थ लिखिए :- (1)

अंधों में काना राजा ।

vii. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- कोई (२) (3)

i. आँखों से गिरना
ii. अंग - अंग मुसकुराना
iii. कान भरना

प्रश्न 5) निर्देशानुसार वाक्य बदलिए :- (5)

1. <u>पिताजी</u> ने <u>सुता</u> को शाबासी दी ।
   ( लिंग परिवर्तन कर वाक्य पुन: लिखिए । )
2. महिला मंदिर जा रही है ।
   ( वचन परिवर्तन कर वाक्य पुन: लिखिए ।)
3. कहीं से जलने की बदबू आ रही है ।
   ( सर्वनाम पहचानकर भेद लिखिए । )
4. भाई थोड़ा गन्ने का रस पिला सकते हो
   ( वाक्य में विरामचिह्न का प्रयोग कीजिए । )
5. पन्ना धाय दासी के सामने साक्षात् .............. या ............... खड़ी थी । ( ' काल ' अनेकार्थी शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य दुबारा लिखिए । )

विभाग - ब

साहित्य - विभाग

गद्य - विभाग

प्रश्न 6) अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. तेनालीरामन का परिचय अपने शब्दों में दीजिए ।

ii. इंदिरा जी किसकी तरह बनना चाहती थी ? पाठ के अनुसार साधारण पुरुष और वीर पुरुषों में क्या अंतर होता है ?

iii. ' तेनालीरामन वास्तव में बुद्धिमान थे । ' इस कथन को उदाहरण के साथ समझाइए ।

iv. पंडितजी ने संदेह के बारे में क्या उपाय बताया और हमारे बहादुर बनने से क्या हासिल होता है ?

प्रश्न 7) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- (3)

i. पं. नेहरु जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

ii. तेनालीरामन लोगों का मनोरंजन कैसे किया करते थे ?

iii. भारत की सेवा के लिए कैसे तत्पर होना चाहिए ?

आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- (3)

i. तेनालीरामन ने उनसे .............. की और तुरंत उनका .............. करवाया ।

ii. तुम्हें ................ की बधाई हो ।

iii. हर ................. पर उनका ................. अधिकार था ।

iv. मेरी ................. तो सदा तुम्हारे साथ हैं ।

इ) निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा लिखिए :- (3)

i. " पुत्री ! एक महान उद्देश्य हमारे है । "

ii. " वे यह बताएँ कि मेरी मातृभाषा क्या है । "

iii. " तुम क्या कहते हो ? "

ऊ) शब्दार्थ लिखिए :- (3)

1. प्रदान 2. नेतृत्व
3. सरलता 4. भाग्यशालिनी
5. प्रहसन 6. दैनिक

## कविता - विभाग

प्रश्न 8) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (4)

1. प्रात:काल होने पर प्रकृति में क्या - क्या परिवर्तन होते हैं ?
2. सुभद्राकुमारी चौहानजी ने अपनी कौन - कौन सी असमर्थताएँ बताई हैं ?

आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (2)

चिड़ियाँ ............................................. पाई ।।

इ) निम्नलिखित कविता की पंक्ति का भावार्थ लिखिए :- (2)

मैं उन्मत्त प्रेम की प्यासी , हृदय दिखाने आई हूँ ।
जो कुछ है , वह यहीं पास है , इसे चढ़ाने आई हूँ ।।

ई) शब्दार्थ लिखिए :- (2)

1. मुक्ता 2. नैवेद्य
3. लाल 4. भोर

## मधु - कलश

प्रश्न 9) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (6)

i. अर्जुन को किस बात का घमंड हो गया था ?
ii. राजू ने सपने में क्या देखा ?
iii. अर्जुन अग्नि में क्यों प्रवेश कर रहे थे ?

**---------------- समाप्त ----------------**



उलटकर देखिए